# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक


**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, मंगलवार 10 अक्टूबर 2023 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-06, अंक- 15

## महत्वपूर्ण एवं खास

### उदयपुर में आयकर छापे में 70 करोड़ रुपए की मिली अघोषित संपत्ति

**जयपुर (आरएनएस)।** राजस्थान के उदयपुर शहर में रियल एस्टेट कारोबारियों और उनके सहयोगियों से जुड़े परिसरों पर आयकर विभाग की छापेमारी में 70 करोड़ रुपये की अघोषित संपत्ति का खुलासा हुआ है। अधिकारियों के मुताबिक विभाग की टीमों ने कारोबारियों के घरों और अन्य ठिकानों से संपत्ति से जुड़े अहम दस्तावेज जुटाए हैं। इसके अलावा तीन रियल एस्टेट कंपनियों और उनके सहयोगियों के दफ्तरों और घरों से करीब 70 करोड़ रुपये की अघोषित संपत्ति मिली है। हालांकि, आयकर विभाग के अधिकारियों ने ब्योरा नहीं दिया है। सूत्रों के मुताबिक, पिछले चार दिनों से 40 टीमें और 100 से ज्यादा पुलिसकर्मी कार्रवाई में लगे हुए थे. इन टीमों ने बिल्डरों और अन्य व्यवसायियों से जुड़े 40 से अधिक स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया। उनके सहयोगियों के ठिकानों पर भी छापेमारी की गई. चौथे दिन करीब 17 बैंक लॉकर खोले गये. जिसमें से 70 करोड़ रुपये की बेनामी संपत्ति दर्ज है। सूत्रों ने बताया कि इसमें छह किलो सोना, 90 किलो चांदी और 2.5 करोड़ रुपये नकद शामिल हैं।

### बुखार से मासूम समेत तीन लोगों की मौत

**चित्रकूट (आरएनएस)।** बुखार से मासूम समेत तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस को सूचना दिए बगैर परिजन शव को अपने घर ले गए। इसके अलावा बुखार, जुकाम, खांसी व उल्टी दस्त से ग्रसित आठ मरीज भर्ती हुए। सोमवार को जिला अस्पताल में बुखार पीड़ित मरीजों की संख्या तीन सौ से अधिक रही। सीतापुर चैकी क्षेत्र के छपरामाफी निवासी लालचंद्र की दो वर्षीय पुत्री लक्ष्मी देवी को बुखार के चलते पिता ने सोमवार को भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। शिवरामपुर कस्बा निवासी रघुवीर प्रसाद (60) को भी परिजनों ने सोमवार को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसी क्रम में मानिकपुर के विनयपुर निवासी सहसराम की भी जिला अस्पताल में मौत हो गई। मृतक की भाभी मायादेवी ने बताया कि एक सप्ताह से सहसराम को बुखार आ रहा था। इससे वह बेहद कमजोर हो गया था। मानिकपुर में दवा कराई लेकिन फायदा न होने पर जिला अस्पताल लेकर आए थे। इसके अलावा तरौंहा निवासी कीर्ती (40), रुखमा खुर्द निवासी अवधेश की दो वर्षीय पुत्री रीना, मुस्लिम पुरवा निवासी लखन (45), औदहा निवासी रामऔतार (35), गोबरिया बुजुर्ग निवासी विजय कुमार का चार वर्षीय पुत्री ऋषि, वीरामाफी निवासी कौशिल्या (30), चितरा गोकुलपुर निवासी सावित्री (18), खरसेड़ा निवासी जानकी (40) को जुकाम, खांसी, बुखार व उल्टी दस्त के चलते जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### तमिलनाडु की पटाखा फैक्ट्री में ज़ोरदार विस्फोट, 10 लोगों की मौत, 14 घायल

**अरियालुर (आरएनएस)।** तमिलनाडु के अरियालुर जिले के वेत्रियूर गांव में सोमवार को दुखद घटना में एक देशी पटाखा फैक्ट्री में भीषण आग लगने से हुए विस्फोट में तीन महिलाओं सहित 10 श्रमिकों की मौत हो गई और 14 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने कहा कि आज आग लगने से सिलसिलेवार विस्फोट हुए, जिससे कई गोदाम और शेड नष्ट हो गए। वहां देशी पटाखों और अत्यधिक ज्वलनशील रसायनों का भारी भंडार जमा था। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि रसायनों को संभालने के दौरान घर्षण के कारण विस्फोट हुआ, जिसके परिणामस्वरूप भीषण आग लग गई। आग में जलने के कारण शव इतने क्षत-विक्षत हो चुके थे कि उन्हें पहचानना मुश्किल हो रहा था। दमकल की गाडिय़ां मौके पर पहुंचीं और कई घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। घायलों को अरियालुर और तंजावुर के सरकारी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। आग में एक टेम्पो ट्रैवलर और दोपहिया वाहनों सहित कई वाहन नष्ट हो गए। अरियालुर जिला कलेक्टर जे.ऐनी मैरी स्वर्णा और वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने घटनास्थल का दौरा किया और लोगों से पूछताछ की। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और फैक्ट्री के मालिक राजेंद्रन की तलाश कर रही है, जो फरार है। पुलिस यह पता लगाने के लिए भी जांच कर रही है कि क्या सुरक्षा नियमों का कोई उल्लंघन हुआ था।

# विस चुनाव 2023 : छत्तीसगढ़ में 7 व 17 नवंबर को दो चरणों में होगा चुनाव

❒ **मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने किया ऐलान**




**दिल्ली/रायपुर (आरएनएस)।** इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया ने आज दोपहर 12 बजे दिल्ली में एक प्रेसवार्ता में देश के पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया है। इसमें मिजोरम, छत्तीगढ़, मध्यप्रदेश, राजस्थान और तेलंगाना राज्य शामिल है।

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने बताया कि छत्तीसगढ़ में होने वाले विधानसभा चुनाव पिछली बार की तरह दो चरणों में होगा। पहले चरण में 07 नवंबर को तथा दूसरे चरण में 17 नवंबर को मतदान कराया जाएगा। वहीं नतीजों की बात करें तो इस बार परिणाम जल्द आने वाला है। चुनाव आयोग के अनुसार विधानसभा चुनाव के नतीजे 03 दिसंबर को सार्वजनिक हो जाएगा। इस लिहाज से अक्टूबर माह में ही अभ्यर्थियों से नामांकन पत्र लिया जाएगा, वहीं नाम वापसी के बाद अंतिम अभ्यर्थियों की सूची जारी होगी। इसके साथ ही इन्हें चुनाव चिन्ह भी आवंटित कर दिया जाएगा।

इसी तरह राजस्थान, मिजोरम, तेलंगाना और मध्यप्रदेश में एक चरण में मतदान संपन्न कराया जाएगा। नक्सल प्रभावित राज्य होने के कारण ही छत्तीसगढ़ में दो चरणों में मतदान कराया जाएगा। मध्यप्रदेश में जहां 17 नवंबर को मतदान होगा तो वहीं राजस्थान में 23, तेलंगाना में 30 तथा मिजोरम में 7 नवंबर को मतदान कराया जाएगा। सभी राज्यों के चुनाव परिणाम 3 दिसंबर को घोषित कर दिया जाएगा। इधर छत्तीसगढ़ की मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबा साहेब कंगाले आज शाम 4 बजे मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में शाम 4 बजे एक प्रेसवार्ता को संबोधित करेंगी। इसमें विधानसभा निर्वाचन-2023 की जानकारी देंगी।

**13 अक्टूबर से नामांकन :** इधर सूत्रों की मानें तो राज्य में होने वाले विधानसभा चुनाव में प्रथम चरण में बस्तर संभाग में मतदान संपन्न कराया जाएगा। नक्सल प्रभावित क्षेत्र होने के कारण यहां पहले चरण में चुनाव होगा। इसके लिए 13 अक्टूबर से नामांकन पत्र जारी होगा। वहीं दूसरे चरण में 21 अक्टूबर से नामांकन पत्र जारी होगा।

**प्रथम चरण में इन सीटों पर होगा मतदान :** आयोग से मिली जानकारी के अनुसार प्रथम चरण में राज्य के पंडरिया, कवर्धा, खैरागढ़, डोंगरगढ़ राजनांदगांव डोंगरगांव, खुज्जी, मोहला-मानपुर, अंतागढ़, भानुप्रतापपुर, कांकेर, केशकाल, कोण्डागांव, नारायणपुर, बस्तर, जगदलपुर, चित्रकोट, दंतेवाड़ा, बीजापुर तथा कोंटा में मतदान कराया जाएगा।

**पंजाब के जालंधर में बड़ा हादसा**

## फ्रिज का कंप्रेशर फटने से घर में लगी आग, दो बच्चों समेत परिवार के 5 सदस्य जिंदा जले



**जालंधर (आरएनएस)।** पंजाब में जालंधर के अवतार नगर में पांच सदस्यों की आग में झुलसने से एक साथ मौत हो गई। मृतक के भाई का कहना है कि परिजनों ने 7 महीने पहले डबल डोर वाला एक फ्रिज खरीदा था। भाई के मुताबिक फ्रिज का कंप्रेशर फटने के कारण यह हादसा हुआ है। घटना बीती रात के करीब की बताई जा रही है। जिस दौरान लोग खाना खाकर छत पर टहलने निकले तो उन्होंने घर से धुआं निकलते देखा और दमकल विभाग के साथ पुलिस को सूचित किया।

घटना की सूचना पर मिलने पर फायर ब्रिगेड कर्मियों ने पहले बच्चों को बाहर निकाला, जिसमें अस्पताल पहुंचने से पहले जिंदा जले 15 साल की लडक़ी और 12 साल के लडक़े की मौत हो गई। बाद में सिविल अस्पताल में उपचार के दौरान तीन अन्य लोगों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान यशपाल सिंह, रुचि, दीया, मंशा और अक्षय के रूप में हुई है। जबकि इंद्रपाल सिंह की हालत नाजुक बताई जा रही है।

हालांकि आसपास के लोगों ने बताया कि उन्हें किसी तरह के कंप्रेशर फटने या सिलेंडर फटने की आवाज नहीं आई जब उन्होंने धुआं निकलते देखा जिसे देखकर लगा कि आग भयानक थी। इसक बाद दमकल विभाग को सूचित किया गया औऱ मौके पर पहुंच कर उन्होंने आग पर काबू पाया। हालांकि फ्रिज के कंप्रेशन फटने या गैस लीक होने से आग लगने कि अभी तक आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन दमकल कर्मियों ने बताया कि जब वह पहुंचे तो गैस की दुर्गंध आ रही थी।

## सिक्किम में अचानक आई बाढ़ में मारे गए असम के सैनिक का किया गया अंतिम संस्कार



**गुवाहाटी (आरएनएस)।** असम के बक्सा जिले में उनके पैतृक गांव में मृत जवान मितुल कलिता के पार्थिव शरीर का सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

कलिता हाल ही में सिक्किम में आई बाढ़ में लापता हो गए थे। अधिकारियों के मुताबिक, रविवार सुबह उनका शव मिला।

इसके बाद जवान के पार्थिव शरीर को बक्सा जिले के आनंदबाजार हटखुला इलाके में भेज दिया गया।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, मितुल के आवास पर उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए भारी भीड़ उमड़ी।

असम के कैबिनेट मंत्री रंजीत कुमार दास ने जवान के आवास पर जाकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

दास ने एक्स पर पोस्ट किया, सिक्किम में आई विनाशकारी बाढ़ में भारतीय सेना के जवान मितुल कलिता के दुर्भाग्यपूर्ण निधन के बारे में सुनकर दुख हुआ, जब वह बोरोंग में प्रैक्टिकल ट्रेनिंग सेशन से गुजर रहे थे। इससे पहले, असम के मुख्यमंत्री ने भी कलिता के निधन पर दुख व्यक्त किया और अपने एक्स हैंडल पर लिखा, असम के लिए एक दुखद क्षति। सिक्किम में आई दुर्भाग्यपूर्ण बाढ़ में बक्सा जिले के भारतीय सेना ने मितुल कलिता जैसे बहादुर सैनिक को खो दिया। दिवंगत आत्मा के लिए मेरी प्रार्थनाएं और दुख की इस घड़ी में शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदनाएं।

## आवासीय इमारत में लिफ्ट में फंसा प्लंबर, मौत

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** पश्चिमी दिल्ली में एक आवासीय इमारत में लिफ्ट में फंसने से एक प्लंबर की मौत हो गई। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस नियंत्रण कक्ष को नारायणा थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति के लिफ्ट में फंसने की सूचना मिली, जिसके बाद एक पुलिस दल भेजा गया। पुलिस ने स्थानीय तकनीशियन की मदद से लिफ्ट खोली और घायल को अस्पताल ले जाया गया। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, उसे मृत घोषित कर दिया गया। उसकी पहचान राजीव कैंप निवासी संजय के रूप में हुई है, जो प्लंबर का काम करता था। अधिकारी ने बताया कि लिफ्ट क्षेत्र में जलजमाव की कुछ समस्या थी, जिसके लिए प्लंबर को बुलाया गया था। जब वह जांच कर रहा था, लिफ्ट चल पड़ी और वह फंस गया। उन्होंने कहा कि मामले की आगे की जांच की जा रही है।

## लिफ्ट में फंसी बुजुर्ग, बच्ची समेत तीन महिलाएं, नहीं बजा अलार्म



**नोएडा (आरएनएस)।** नोएडा में ग्रुप हाउसिंग सोसायटी में समस्याएं कम होने का नाम नहीं ले रहीं हैं। एक तरफ लोग लाखों करोड़ों रुपए लगाकर अपने सपनों का घर लेते हैं और दूसरी तरफ वो मूलभूत सुविधाओं के लिए जूझते हैं। सोसायटी में रहने वाले लोग लिफ्ट, रजिस्ट्री, बिजली और पानी के अलावा तमाम समस्याओं से जूझ रहे हैं।

ताजा मामला सेक्टर-151 जेपी अमन सोसायटी का है। जहां लिफ्ट बंद होने से बच्ची और बुजुर्ग समेत तीन लोग फंस गए। घटना सीसीटीवी में कैद है। निवासियों का आरोप है कि वे अपने बच्चों को लिफ्ट में अकेले आने-जाने नहीं दे रहे हैं। लिफ्ट की हालत काफी खराब है। शिकायत के बाद भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

जेपी अमन सोसायटी के निवासी विपिन त्यागी ने बताया कि उनकी मां, बेटी और पत्नी एन-10 टावर में रहते हैं। 19वें फ्लोर पर जाने के दौरान 15वीं और 16वीं मंजिल के बीच झटके के साथ लिफ्ट बंद हो गई। परिजनों ने मदद के लिए अलार्म बजाया और दरवाजा पीटा, लेकिन समय पर मदद नहीं मिल पाई।

आवाज सुनकर टावर का गार्ड मदद के लिए पहुंचा और लिफ्ट को खोला। परिवार काफी मशक्कत के बाद लिफ्ट से बाहर निकल पाया। इस घटना में विपिन की बुजुर्ग मां घायल हो गईं और बच्ची घबरा गई।

एफएमजी जेपी अमन सोसायटी के एओए अध्यक्ष योगेश सिंह ने बताया कि सोसायटी में करीब 15,000 निवासी रहते हैं। हर दिन उन्हें लिफ्ट का सहारा लेना पड़ता है। लिफ्ट हर दिन किसी न किसी टावर में बंद हो जाती है। बंद होने के कारण लिफ्ट में लोग अंदर फंस जाते हैं। एफएमजी इस मुद्दे पर कोई ठोस कदम नहीं उठाता है, जिससे किसी दिन गंभीर दुर्घटना हो सकती है और फंसे हुए किसी व्यक्ति की मौत भी हो सकती है।

## विधानसभा चुनाव 2023 : बीजेपी ने की 64 उम्मीदवारों की दूसरी लिस्ट जारी

❒ **भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव को मिला लोरमी से टिकट**



**रायपुर (आरएनएस)।** भारतीय जनता पार्टी केन्द्रीय चुनाव समिति की बैठक एक अक्टूबर को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ था। इस बैठक में गृहमंत्री अमित शाम, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह भी उपस्थित थे।

केन्द्रीय चुनाव समिति की बैठक के बाद भारत निर्वाचन आयोग ने सोमवार को पांच राज्यों में चुनाव की घोषणा कर दी। जिसमें छत्तीसगढ़ में 7 नवंबर और 17 नवंबर के साथ दो चरणों में चुनाव होगी।

भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ की दूसरी लिस्ट में भरतपुर सोनहर से केन्द्रीय मंत्री रेणुका सिंह को टिकट दिया गया है, मनेन्द्रगढ़ से श्याम बिहारी जायसवाल, बैठकुण्ठपुर से भैय्यालाल राजवाड़े, सामरी से उद्देश्यरी पैकरा, सीतापुर से रामकुमार टोप्पो, जशपुर से रायमुनी भगत, कुनकुरी से विष्णुदेव साय, पत्थलगांव से गोमती साय, लैलूंगा से सुनीति सत्यानंद राठिया, रायगढ़ से ओपी चौधरी, सारंगढ़ से शिवकुमारी चौहान, रामपुर से ननकीराम कंवर, कटघोरा से प्रेमचंद पटेल, पालीतानाखार से रामकदयाल उइके, कोटा से प्रबल प्रताप सिंह जुदेव, लोरमी से अरूण साव, मुंगेली से पुन्नुलाल मोहले, तखतपुर से धरमजीत सिंह, बिल्हा से धरमलाल कौशिक, बिलासपुर से अमर अग्रवाल, मस्तुरी से डॉ. कृष्णमुर्ति बांधी, अकलतरा से सौरभ सिंह, जाजंगीर चांपा से नारायण प्रसाद चंदेल, सक्ती से डॉ. खिलावन साहू, चन्दरपुर से संयोगिता सिंह जुदेव, जैजैपुर से कृष्णकांत चन्द्रा, पामगढ़ से संतोष लहरे, बसना से संपत अग्रवाल, महासमुंद से योगेश्वर राजू सिन्हा, बिलाईगढ़ से डॉ. दिनेश लाल जांगढ़े, बलौदाबाजार से टंक राम वर्मा, भाटापारा से शिवरतन शर्मा, धरसींवा से अनुज शर्मा, रायपुर ग्रामीण से मोतीलाल साहू, रायपुर पश्चिम से राजेश मूणत, रायपुर उत्तर से पुरंदर मिश्र, रायपुर दक्षिण से बृजमोहन अग्रवाल, आरंग गुरूखुसवंत सिंह, बिन्द्रा नवागढ़ से गोवर्धन राम मांझी, कुरूद से अजय चन्द्राकर, धमतरी से रंजना दीपेन्द्र साहू, संजारी बालोद से राकेश यादव, गुंडरदेही से विरेन्द्र कुमार साहू, दुर्ग ग्रामीण से ललित चन्द्राकर, दुर्ग शहर से गजेन्द्र यादव, भिलाईनगर से प्रेमप्रकाश पाण्डेय, वैशाली नगर से रिकेश सेन, अहिवारा से डोमन लाल कोरसेवाड़ा, साजा से ईश्वर साहू, नवागढ़ से दयालदास बघेल, कवर्धा से विजय शर्मा, डोंगरगढ़ से विनोद खाण्डेकर, राजनांदगांव से डॉ. रमन सिंह, डोंगरगांव से भरतलाल वर्मा, अंतागढ़ से विक्रम उसेंडी, भानुप्रतापपुर से गौतम उइके, केशकाल से निलकंठ टेकाम, कोण्डागांव से सुश्री लता उसेंडी, नारायणपुर से केदार कश्यप, जगदलपुर से किरण सिंह देव, चित्रकोट से विनायक गोयल, दंतेवाड़ा से चेतराम अरामी, बीजापुर से महेश गागड़ा और कोंटा से सोयम मुका को उम्मीदवार बनाया गया है।

## पीएम मोदी ने तंजानिया की राष्ट्रपति के साथ की द्विपक्षीय वार्ता, आपसी हित पर हुई चर्चा



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को तंजानिया की राष्ट्रपति सामिया सुलुहू हसन के साथ द्विपक्षीय वार्ता की। दोनों नेताओं ने भारत-तंजानिया संबंधों के विभिन्न पहलुओं की समीक्षा की और दोनों देशों के बीच घनिष्ठ और ऐतिहासिक संबंधों को और गहरा करने के तरीकों पर भी चर्चा की।

द्विपक्षीय वार्ता के बाद, दोनों पक्षों ने प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता की जिसमें व्यापक क्षेत्रों पर बातचीत हुई। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि एजेंडे में व्यापार और निवेश, रक्षा और समुद्री सुरक्षा, विकास साझेदारी, उच्च शिक्षा और लोगों से लोगों के बीच संबंध शामिल हैं।

हसन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के निमंत्रण पर भारत की तीन दिवसीय यात्रा पर हैं। वह 8 अक्टूबर को नई दिल्ली पहुंची थीं। इससे पहले उनका राष्ट्रपति ने राष्ट्रपति भवन में औपचारिक स्वागत किया।

# हमास हमला : इजराइल में म्यूजिक फेस्टीवल स्थल पर मिले 250 से अधिक शव

**यरुशलेम ।** आतंकवादी हमलों के बाद मानव अवशेषों को संभालने वाले स्वयंसेवी समूह जाका के एक प्रवक्ता ने कथित तौर पर कहा कि उन्होंने अब तक इजऱाइल में म्यूजिक फेस्टीवल स्थल से 250 से अधिक शव निकाले हैं। दक्षिणी इजऱाइल में किबुत्ज़ रीम के पास फेस्टिवल में भाग लेने वाले युवाओं के कई माता-पिता शनिवार से अपने लापता बच्चों की खबर के लिए उत्सुकता से खोज रहे हैं।

पहले की रिपोर्टों में कहा गया था कि इजरायली म्यूजिक फेस्टीवल पर हुआ भयानक हमला शनिवार सुबह इजरायल में हमास आतंकवादियों द्वारा किए गए सबसे बड़े हमले में से एक था।

बंदूकधारियों ने घटनास्थल पर मौज-मस्ती कर रहे कई लोगों को मार डाला और एक को बंधक बना लिया।



गाजा-इजरायल सीमा के पास एक ग्रामीण खेत क्षेत्र में आउटडोर नोवा फेस्टिवल कार्यक्रम में यहूदी छुट्टी का जश्न मनाते हुए पूरी रात की एक डांस पार्टी होनी थी। लेकिन जैसे ही सुबह हुई, उन्हें सायरन और रॉकेट की आवाज़ें सुनाई देने लगीं।

हमारे पास छिपने के लिए कोई जगह नहीं थी। हम खुली जगह पर थे। सब घबरा गए और अपना सामान उठाने लगे।

सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो में सैकड़ों लोग अपनी कारों की ओर जाते हुए, या खाली मैदान में भागते हुए दिखाई दे रहे हैं और बैकग्राउंड में गोलियों की आवाजें गूंज रही हैं।

इजराइल ने औपचारिक रूप से युद्ध की घोषणा कर दी। हमास हमले में मरने वालों की संख्या 700 से ऊपर हो गई है और इसके और बढऩे की आशंका है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अगवा कर गाजा पट्टी ले जाए गए सौ से अधिक लोगों के बारे में अभी कुछ पता नहीं है।

## हमास ने 100 से अधिक इजरायलियों को बनाया बंधक, उच्च पदस्थ सैन्य अधिकारी भी बंधकों में शामिल

फिलिस्तीनी हमास आतंकवादी समूह ने दावा किया है कि उसने 100 से अधिक इजरायली नागरिकों को बंधक बना रखा है, जिनमें उच्च पदस्थ सैन्य अधिकारी भी शामिल हैं। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, रविवार देर रात अरबी समाचार आउटलेट अल-ग़द टीवी के साथ मूसा अबू मरज़ौक ने कहा कि इजरायली बंधकों की संख्या अभी तक नहीं गिनी गई है, लेकिन वे सौ से अधिक हैं।
जब पूछा गया कि क्या बंधकों में इजऱायली सेना के अधिकारी भी शामिल हैं, तो माजरौक ने उत्तर दिया: हाई-रैंकिंग अधिकारी हैं। इजऱायली अधिकारियों ने भी कहा कि गाजा में दर्जनों इजऱायलियों को बंधक बनाकर रखा गया है, लेकिन उन्होंने सटीक संख्या की पुष्टि नहीं की। इसके अलावा रविवार की रात, फिलिस्तीनी क्षेत्रों में सक्रिय आतंकवादी समूह इस्लामिक जिहाद ने घोषणा की कि उसने 30 इजरायलियों को बंधक बना लिया है।
एक टेलीविजऩ संबोधन में, समूह के महासचिव जिय़ाद अल-नखला ने कहा: इस्लामिक जिहाद मूवमेंट में वर्तमान में 30 से अधिक कैदी हैं, और जब तक हमारे कैदी आज़ाद नहीं हो जाते, वे अपने घर नहीं लौटेंगे। इस्लामिक जिहाद और हमास अलग-अलग संगठन हैं, लेकिन वे दोनों गाजा पट्टी में काम करते हैं और इजऱाइल के विरोध में एकजुट हैं। इस्लामिक जिहाद ने इजऱाइल से बंधकों की रिहाई के बदले में उसके कुछ लड़ाकों को रिहा करने की मांग की है। हमास के हमले के दौरान बंधक बनाए गए लोगों की कुल संख्या अभी तक स्पष्ट नहीं है, लेकिन इजऱायली अधिकारियों ने कहा है कि दर्जनों बंदी हैं।